मूल्य 1 रु.

वर्षः 11 - अंक : 190, मुंबई, बुधवार, 15 सितंबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर






दै. मुंबई हलचल के संपादक श्री दिलशाद खान, भारतीय विश्वकर्मा जनहित सेवा समिती (एनजीओ) चॅरीटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती उज्वला विश्वकर्मा, श्री योगेश विरानी बिल्डर व सामाजिक कार्यकर्ता, चंदा मिश्रा जी के निवास स्थल पर गणपति बाप्पा का दर्शन करने के लिए पहुंचे।

# महाराष्ट्र में अब ओबीसी आरक्षण के बिना होंगे उपचुनाव

## ठाकरे सरकार की उम्मीदों पर सुप्रीम कोर्ट ने फेरा पानी



**मुंबई।** राजनैतिक ओबीसी आरक्षण के बिना स्थानीय चुनाव कराने का विरोध कर रही ठाकरे सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य चुनाव आयोग ने सोमवार महाराष्ट्र में जिला परिषद और पंचायत समिति के लिए उपचुनाव कराने का फैसला लिया है। यह चुनाव 5 अक्टूबर को करवाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में चुनाव करवाना राज्य चुनाव आयोग का काम है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

## अमरावती की वर्धा नदी में नाव पलटी

### बच्ची सहित 3 के शव मिले



महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से राज्य की कई नदियां उफान पर चल रही हैं। फिलहाल नाव डूबने का वास्तविक कारण नहीं पता चल पाया। हालांकि नाव में क्षमता से ज्यादा लोगों के सवार को भी दुर्घटना की एक वजह माना जा रहा है



## एक ही परिवार के 11 लोग डूबे

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मंगलवार सुबह तकरीबन 10 बजे एक नाव डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक 11 लोग इस नाव में सवार थे। फिलहाल सभी लोगों के डूबने की आशंका जताई जा रही है। यह घटना अमरावती जिले के बनोडा शहीद पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले श्री क्षेत्र झुंज इलाके की है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

पुलिस के मुताबिक हादसा अमरावती के हतराना गांव में सुबह करीब 10.30 बजे हुआ

# पाकिस्तान के आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

## त्योहारों के दौरान देशभर में ब्लास्ट करने की साजिश रच रहे 6 आतंकी गिरफ्तार



मोहम्मद अबु बकर | ओसामा | जान मोहम्मद | जीशान कमर | मूलचंद उर्फ लाला | अमीर जावेद

## इनमें से 2 पाकिस्तान में ट्रेंड

संवाददाता

**नई दिल्ली।** आने वाले त्योहारों के दौरान देश में धमाके कराने की पाकिस्तानी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली पुलिस ने 6 आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक और हाई क्वालिटी हथियार बरामद किए हैं। पकड़े गए आतंकियों में से 2 ने पाकिस्तान में बम बनाने की ट्रेनिंग ली थी। पकड़े गए आतंकी दाऊद इब्राहिम के भाई अनीस के इशारे पर नवरात्रि और रामलीला के दौरान सीरियल ब्लास्ट करना चाहते थे। आतंकियों का यह नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### गुजरात में बदलाव

**गुजरात** को नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का नेतृत्व हासिल होने के बड़े सियासी मायने हैं। मुख्यमंत्री पद से विजय रूपाणी की विदाई की पहली जाहिर वजह यही है कि उनके नेतृत्व में भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में जीत पर विश्वास न था। विजय रूपाणी ने अचानक शनिवार को इस्तीफा दिया और सोमवार को भूपेंद्र पटेल ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाल लिया। यह सहज सत्ता हस्तांतरण भाजपा में केंद्रीय नेतृत्व की मजबूती और दलीय अनुशासन का भी प्रमाण है। पहली बार विधायक बने भूपेंद्र पटेल गुजरात के 17वें मुख्यमंत्री हैं। उनके शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटेल को बधाई देने के लिए ट्विटर का भी सहारा लिया और उन पर विश्वास व्यक्त किया। साथ ही, प्रधानमंत्री ने विजय रूपाणी की भी तारीफ की है। गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन कुल मिलाकर अनुकरणीय रहा है। एकाधिक अवसरों पर हम भाजपा में भी नेतृत्व परिवर्तन के समय खींचतान देख चुके हैं। लेकिन फिलहाल गुजरात पूरी भाजपा के लिए नाक का सवाल है और पार्टी का कोई नेता या कार्यकर्ता यह नहीं चाहेगा कि पार्टी इस राज्य में पिछड़ जाए। भाजपा गुजरात में विजय रूपाणी को आगे करके ही 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ी थी। रूपाणी को भी चुनावी वर्ष से एक साल पहले ही पार्टी को जिताने की कमान सौंपी गई थी और वह कामयाब रहे थे। हालांकि, भाजपा के नेता यह भूले नहीं हैं कि कांग्रेस से मुकाबला कितना कड़ा था। जहां भाजपा की 16 सीटें घटी थीं, वहीं कांग्रेस की 16 सीटें बढ़ गई थीं। आमतौर पर मत प्रतिशत में 38 के आसपास रहने वाली कांग्रेस 40 प्रतिशत के पार पहुंच गई थी। दोनों पार्टियों के बीच सात से आठ प्रतिशत मतों का अंतर कायम है, लेकिन राजनीति के जानकार सहज ही बता सकते हैं कि दो दशक से ज्यादा सत्ता में रहने वाली पार्टी को मत प्रतिशत के प्रति ज्यादा सजग रहना चाहिए। दो पार्टियों के वर्चस्व वाले गुजरात में कांग्रेस ही भाजपा के खिलाफ पूरे दमखम से सामने है, तीसरी पार्टी के लिए गुंजाइश नहीं है। इसलिए भाजपा के लिए ज्यादा जरूरी है कि वह गुजरात में खुद को मजबूत रखे और मजबूती दिखाए। भूपेंद्र पटेल पाटीदार (या पटेल) समुदाय से आते हैं। इस समुदाय के 12-14 प्रतिशत मतदाता हैं। यह समुदाय आर्थिक, राजनीतिक रूप से बहुत प्रभावी है, और पूरे राज्य में फैला हुआ है। पाटीदारों के वोट 182 विधानसभा क्षेत्रों में से कम से कम 70 में नतीजे तय करते हैं। भाजपा के लिए एक तिहाई विधायक अकेले इसी समुदाय से आते हैं। खैर, कहना न होगा, इस बदलाव से कांग्रेस का मनोबल बढ़ा होगा। कांग्रेस को पता है कि गुजरात में सत्ता मिली, तो 2024 के आम चुनाव की बुनियाद तैयार हो जाएगी। बहरहाल, सियासत से अलग हटकर देखें, तो हर राज्य में हमें यह सोचना चाहिए कि विगत दो वर्षों में हमारी सरकारें लोगों की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरी हैं? क्या मात्र चेहरा बदलने से लोग खुश हो जाएंगे? असंतोष व कमियों की मूल बुनियाद में जाकर सरकारों को काम करना पड़ेगा। जो लोग निराश हैं, उन्हें राहत देने के उपाय करने पड़ेंगे। फर्क यही है कि यह काम गुजरात में पहले विजय रूपाणी के जिम्मे था और अब भूपेंद्र पटेल के जिम्मे है।

# राजनीति में जाति ही अंतिम सत्य है

**धर्म** बदल लेने वालों ने भी कभी जाति नहीं बदली, जिस धर्म में गए वहां अपनी जाति लेते गए। तभी पिछले दिनों कई मुस्लिम संगठनों ने कहा कि अगर जनगणना में जाति की गिनती होती है तो मुसलमानों में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए। सो, भारत में जाति परम सत्य है। और अगर राजनीति की बात हो तो वहां जाति के आगे कुछ नहीं है। वह अंतिम सत्य है। वैसे तो इन दिनों थोक के भाव मोटिवेशनल स्पीकर आ गए हैं, लेकिन जब इकलौते मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा तो उन्होंने कुछ बचकाने सवालों के स्टीकर बनवा कर देश भर में चिपकवाए थे। उनका एक सवाल था- धर्म बदल सकते हैं तो जाति क्यों नहीं? उनको यह बुनियादी बात पता नहीं है कि इस देश में जाति हमेशा धर्म से ऊपर है। धर्म बदल लेने वालों ने भी कभी जाति नहीं बदली, जिस धर्म में गए वहां अपनी जाति लेते गए। तभी पिछले दिनों कई मुस्लिम संगठनों ने कहा कि अगर जनगणना में जाति की गिनती होती है तो मुसलमानों में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए। सो, भारत में जाति परम सत्य है। और अगर राजनीति की बात हो तो वहां जाति के आगे कुछ नहीं है। वह अंतिम सत्य है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक हर पार्टी और हर नेता की राजनीति जाति के ईर्द-गिर्द घूमती हुई होती है। अलगाववादी हो या राष्ट्रवादी, भगवा धारण किए हुए हो या हरा चोगा पहने हुए हो, दाढ़ी बढ़ा कर राजऋषि बना हो या क्लीन शेव्ड हो और विकास की राजनीति करता हो या विनाश की, उसकी राजनीति अंतिम तौर पर जाति को केंद्र में रख कर ही होगी। याद करें कैसे नरेंद्र मोदी ने 'ये देश नहीं झुकने दूंगा, ये देश नहीं मिटने दूंगा' से अपनी राजनीति शुरू की थी और कैसे जाति नहीं मिटने दूंगा तक पहुंचे हैं! कांग्रेस की अपनी कोई राजनीति नहीं है और उसके पल्ले भी कुछ नहीं है इसलिए उसकी राजनीति पर चर्चा की जरूरत नहीं है। पर पोस्ट आइडियोलॉजी पोलिटिक्स की पार्टी के तौर पर उभरी वैकल्पिक गवर्नेंस मॉडल वाली आम आदमी पार्टी की भी पूरी राजनीति जाति केंद्रित है। यहां तक कि देश की कम्युनिस्ट पार्टियों भी अपने लंबे राजनीतिक इतिहास में कभी भी जाति के दायरे से बाहर नहीं निकल सकीं। मंडल की राजनीति के समय जिन प्रादेशिक पार्टियों की उत्पत्ति हुई, चाहे



उनकी बात करें या गैर कांग्रेसवाद की राजनीति के तहत दक्षिण भारत में बनी प्रादेशिक पार्टियों की बात करें, सबकी राजनीति जाति केंद्रित है। भारतीय जनता पार्टी बरसों तक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के धागे से बंधी हुई थी और ब्राह्मण-बनियों की पार्टी मानी जाती थी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की कमान में वह प्रादेशिक पार्टियों की तरह जातीय संतुलन साधने वाली पार्टी बन गई है। पहले उसने देश की बात की, फिर हिंदू की बात की और अब जातियों की बात कर रही है। अन्यथा कोई कारण नहीं था कि हिंदुत्व की प्रयोगशाला माने जाने वाले गुजरात में पाटीदार समाज का मुख्यमंत्री बनाया जाए। नरेंद्र मोदी को 2001 में मुख्यमंत्री बना कर लालकृष्ण आडवाणी ने गुजरात में भाजपा को पाटीदार समाज की बंधुआ पार्टी की पहचान से मुक्त कर दिया था। बीच में दो साल के आनंदी बेन पटेल के अनुभव को छोड़ दें तो मोदी ने भी वहीं राजनीति की, जो आडवाणी ने की थी। पर जैसे ही आम आदमी पार्टी ने पटेल राजनीति का दांव चला और डबल या ट्रिपल इंजन वाली सरकार की एंटी इन्कंबैंसी कम करने की जरूरत महसूस हुईआ, भाजपा फिर पुराने रास्ते पर लौट गई। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण को पटाने के लिए प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन कर रही है। उत्तराखंड में ठाकुर मुख्यमंत्री बनाया तो दलित प्रभारी और ब्राह्मण चुनाव प्रभारी बना कर जातीय संतुलन बनाने का प्रयास किया। कर्नाटक में लिंगायत मुख्यमंत्री बदला तो उसकी जगह लिंगायत बना कर अपने कोर जातीय वोट को मैसेज दिया कि वह जाति की राजनीति से सूत भर भी इधर उधर नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार किया तो सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया गया कि इस बार रिकार्ड संख्या में अन्य पिछड़ी जातियों के मंत्री बनाए गए हैं। उससे पहले पिछड़ी जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर हर जगह इसका प्रचार किया गया कि 70 साल में जो नहीं हुआ वह मोदी ने कर दिया। फिर राज्यों को अन्य पिछड़ी जातियों की सूची बनाने का अधिकार दिया गया, जिसके बाद सबसे पहले उत्तर प्रदेश में ही 60 के करीब जातियों को ओबीसी सूची में शामिल करने का फैसला होने वाला है। लब्बोलुआब यह है कि कहीं केंद्रीय मंत्री के जरिए, कहीं मुख्यमंत्री के जरिए, कहीं राज्यपाल के सहारे तो कहीं प्रभारी और चुनाव प्रभारी के सहारे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जातीय संतुलन बनाने में लगा है। जातियों में बंटे हिंदू समाज को एक करने और उसे हिंदुत्व या राष्ट्रवाद के मजबूत धागे से बांधने की बजाय भाजपा जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियों जैसी राजनीति कर रही है। विचारधारा की बजाय गवर्नेंस का वैकल्पिक मॉडल लेकर आए अरविंद केजरीवाल की राजनीति अपने वैश्य समाज से आगे नहीं बढ़ रही है। क्योंकि उनको पता है कि दिल्ली की राजनीति में सफलता तभी संभव है, जब भाजपा के कोर वैश्य वोट का एक हिस्सा उनका समर्थन करता रहे। वे भले देश की राजनीति कर रहे हैं पर उनको पता है कि दिल्ली में जमे रहे तभी देश की राजनीति होगी। पहले तो उन्होंने जरूर समावेशी राजनीति की थी पर अब वे भी दूसरी प्रादेशिक पार्टियों की तरह अस्मिता की राजनीति कर रहे हैं। पिछले दिनों उनकी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक हुई तो वे खुद तीसरी बार राष्ट्रीय संयोजक चुने गए। उनके बाद पार्टी के दो शीर्ष पदों में से सचिव के पद पर पंकज गुप्ता और कोषाध्यक्ष के पद पर एनडी गुप्ता चुने गए। उन्हें जब तीन राज्यसभा सदस्य चुनने का मौका मिला था तब भी उन्होंने संजय सिंह के अलावा सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता को चुना था। अभी पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और इन चुनावों में हिस्सा लेने वाली सारी पार्टियां अपने अपने हिस्से का जातीय समीकरण साधने में जुटी हैं।

# चुनावी राज्य, आप मुख्य विपक्ष?

**अगले** साल के शुरू में पांच राज्यों में और आखिर में दो राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन सातों राज्यों में भाजपा के अलावा जो पार्टी चुनाव लड़ती या चुनाव लड़ने की तैयारी करती दिख रही है वह आम आदमी पार्टी है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में जोर लगा रहे हैं लेकिन वहां से बाहर बाकी राज्यों में उनका कोई आधार नहीं है और न वे लड़ने में रूचि दिखा रहे हैं। इसी तरह अकाली दल पंजाब में चुनाव लड़ रहा है लेकिन बाकी राज्यों से उसे कोई मतलब नहीं है। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी को सिर्फ गोवा से मतलब है और मणिपुर पीपुल्स फ्रंट व नेशनल पीपुल्स पार्टी को सिर्फ मणिपुर से मतलब है। कायदे से भाजपा के अलावा कांग्रेस को इन सभी सातों राज्यों में चुनाव लड़ने की तैयारी करनी चाहिए थी लेकिन कांग्रेस आपसी झगड़ों में उलझी है और आम आदमी पार्टी कम से कम पांच राज्यों में बहुत गंभीरता



से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। कुछ उसकी अपनी राजनीति ने, कुछ भाजपा के प्रचार ने और कुछ मीडिया समूहों के चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों ने चुनावी राज्यों में आम आदमी पार्टी को कांग्रेस से आगे कर दिया है। अगर चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों की बात मानें तो अगले साल सात राज्यों में होने वाला विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी के रूप में एक नए राष्ट्रीय दल का उदय देखेगा। अगले साल के चुनावों में से एक अहम चुनाव गुजरात का है, जहां कांग्रेस पार्टी 65 विधायक होने के बावजूद हाशिए में चली गई है। कई साल पहले अध्यक्ष बने अमित चावड़ा पार्टी का संगठन नहीं बना पाए। अभी पार्टी कुल तीन पदाधिकारियों के संगठन से चल रही है, जबकि भाजपा के प्रदेश संगठन 184 पदाधिकारी हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता ने इस्तीफा दिया हुआ है और पार्टी उस पर कोई फैसला नहीं कर पाई है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी सिर्फ सूरत में स्थानीय निकाय के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर पाई थी लेकिन उसने माहौल ऐसा बना दिया है, जैसे वह मुख्य विपक्षी है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल के आप में जाने की चर्चा थी और तभी आप के नेता विजय रुपाणी की जगह भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दावा कर रहे हैं कि आप से घबरा कर भाजपा ने सीएम बदला है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# चंद्रपुर में एक युवक ने विधायक को लेटर लिख मांगी गर्लफ्रेंड, कहा- शराबियों और काले-कलूटे लोगों की गर्लफ्रेंड, फिर मेरी क्यों नहीं



**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने खुद के लिए गर्लफ्रेंड दिलाने की मांग करते हुए स्थानीय विधायक सुभाष धोटे को एक पत्र लिखा है। पत्र में शख्स ने कहा कि उसकी ओर कोई लड़की न देखती है और न ही उसे कोई भाव देती है, इसलिए विधायक इस संबंध में हस्तक्षेप कर उसकी मदद करें। विधायक को भेजी यह चिट्ठी सोमवार को सार्वजनिक हुई और अब यह सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। यह पत्र लिखने वाले युवक की पहचान भूषण राठौड़ के रूप में हुई है। राजुरा विधानसभा क्षेत्र मेर रहने वाले भूषण ने अपने पत्र में कहा है कि कोई भी लड़की उनकी गर्लफ्रेंड बनने के लिए तैयार नहीं हो रही है, इसलिए उनकी मदद की जाए। भूषण एक छोटे से गांव राजौरा में रहता है और काम के सिलसिले में लगभग हर दिन राजौरा-गढ़चंदूर आना-जाना होता है। युवक ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि शराब बेचने वाले और सांवले (काले-कलूटे) लोगों की भी गर्लफ्रेंड हैं, लेकिन मेरी नहीं है। मैं अनुरोध करता हूं कि आप अपने विधानसभा क्षेत्र की युवतियों को मेरी गर्लफ्रेंड बनने के लिए कहें।

**भूषण राठौड़ का पत्र:** विनम्र निवेदन यह है कि, पूरे तालुका में लड़कियां होने के बावजूद, मुझे इस बात की चिंता है कि मेरी एक भी गर्लफ्रेंड नहीं है। मेरा आत्मविश्वास समाप्त हो गया है। मैं एक गांव से हूं और राजुरा से गढ़चंदूर आता-जाता रहता हूं। मुझे कोई लड़की पसंद नहीं करती है। मेरी आत्मा तब दुखी हो जाती है जब मैं देखता हूं कि शराब बेचने वाले और काले -कलूटे लोगों की भी गर्लफ्रेंड है। मेरा अनुरोध है कि आप विधानसभा क्षेत्र की युवतियों से कहें कि हम जैसे लोगों को भाव दिया जाए।

**विधायक करवा रहे हैं युवक की तलाश:** इस पत्र के नीचे युवक का नाम है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। विधायक सुभाष धोटे ने इस मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हम यहां जनता की सेवा के लिए बैठे हैं और अगर कोई उचित समस्या के लिए हमसे संपर्क करता है तो हम उसकी मदद करते हैं। ऐसे पत्र लिखकर यह समय खराब करने का प्रयास है। हम उस युवक की तलाश कर रहे हैं और मिलने पर इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे।

## बीएमसी ने जताया अंदेशा, त्योहारों के बाद बढ़ेंगे केस!

**मुंबई।** बीएमसी को आशंका है कि गणेशोत्सव के बाद मुंबई में तेजी से कोरोना के केस बढ़ेंगे। इसकी शुरूआत भी हो गई है। मुंबई में सितंबर में प्रतिदिन 350 से 400 कोरोना के केस मिल रहे हैं, जबकि अगस्त में प्रतिदिन 200 से 300 कोरोना के मरीज मिलते थे। कोरोना का संक्रमण बढ़ने न पाए इसके लिए बीएमसी सार्वजनिक मंडलों व विसर्जन स्थलों पर नजर रख रही है। यहां कोरोना प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है या नहीं यह देखने के लिए बीएमसी की टीम निरीक्षण कर रही है। विसर्जन स्थलों पर क्लीनअप मार्शल की संख्या व निगरानी बढ़ाई गई है। पिछले वर्ष गणेशोत्सव के बाद मुंबई में कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई थी। जिससे निपटने में बीएमसी के पसीने छूट गए थे। मुंबई में कोरोना मरीजों की संख्या 4823 तक पहुंच गई है, जो अगस्त में 2 हजार के आसपास आ गई थी। इसी तरह ग्रोथ रेट




0.06 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जबकि रिकवरी रेट 97 प्रतिशत पर लंबे समय से रुका हुआ है। वहीं डबलिंग रेट गिरकर 1210 दिन पर आ गया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक गणेश मंडलों में कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है। ऐसी जानकारी पूरी मुंबई से मिली है। इसलिए सभी वार्ड ऑफिसर्स को ऊपर से निर्देश दिया गया है कि वे अपनी टीम भेज कर निरीक्षण करें कि वहां कोरोना नियमों का न उल्लंघन होने पाए। अधिकारी ने बताया कि आरती के समय सबसे ज्यादा कोरोना नियमों का उल्लंघन होने की खबर है। लोगों की भीड़ जुट रही है, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा है और कई लोग बिना मास्क लगाए उसमें भाग ले रहे हैं। किरण दिघावकर ने बताया कि हमारी कोशिश है कि लोगों में जागरुकता फैलाई जाए। हमारे लोग पंडालों में जाकर लोगों को समझाते हैं। बाहर हमने बैनर लगाया है। हमारी टीम सब जगह घूम रही है, पुलिस के साथ समन्वय कर हम प्रोटोकॉल का पालन करने को कह रहे हैं। ड्यूटी ऑफिसर्स को भी इस काम पर लगाया गया है। जहां ज्यादा नियमों का उल्लंघन हो रहा है वहां क्लीनअप मार्शल दंड भी लगा रहे हैं। बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त सुरेश काकानी ने कहा कि समुद्र के किनारे बढ़ रही भीड़ से हम चिंतित हैं। वहां लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं, कई लोग मुंह पर बिना मास्क लगाए घूम रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

## मोटरसाइकिल चोरों का आतंक




**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** शहर में फिर से बढ़ने लगी है मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों ने शहरवासियों की रातों की नींद हराम कर रखी है। ऐसा ही एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला प्रकाश में आया है। गत 8 सितंबर बुधवार की रात अलमास कॉलोनी के वसीम पैलेस से रात 2:00 बजे मोटरसाइकिल चोरों ने सुजुकी एक्सेस 125 नंबर MHO4KS4677 चोरी कर फरार हो गया लेकिन यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई मोटरसाइकिल मालिक दानिश अहमद से मिली जानकारी के अनुसार जब मेरे पिता सुबह 9:00 बजे ऑफिस जाने के लिए निकले तो कहीं भी गाड़ी नजर नहीं आई फिर उन्होंने मुझे फोन करके पूछा की गाड़ी पार्किंग में नहीं है फिर मैं नीचे उतर के आया और मैंने देखा मेरी गाड़ी नहीं है फिर मैंने मेरे दोस्तों को फोन लगाया और पूछा कि कहीं तू तो मेरी गाड़ी लेकर नहीं गया उसने कहा मैंने गाड़ी नहीं ली फिर मैंने सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसने मुझे पता चला कि रात के समय दो लोग स्कूटी पर आए थे पार्किंग का राउंड लगाया फिर उसके बाद एक साथी उसका बाहर खड़ा हो गया देखने के लिए कि कोई आ तो नहीं रहा है उसके दूसरे साथी ने 5 मिनट के अंदर गाड़ी स्टार्ट कर दी और स्टेरिंग लॉक उसने पैर से तोड़ दिया और मेरी गाड़ी लेकर फरार हो गया फिर मैंने इस बात की सूचना मुंब्रा पुलिस को दी मुझे कहां गया कि 24 घंटा आप अपनी गाड़ी ढूंढो और अगर नहीं मिलती है तो हम एफ आई आर दर्ज करेंगे 9 तारीख को पूरा दिन में हर गली में गाड़ी ढूंढता रहा मुझे गाड़ी नहीं मिली 10 तारीख को मुंब्रा पुलिस ने मेरी गाड़ी की एफ आई आर दर्ज की और गाड़ी तलाश करने का काम शुरू कर दिया यही नहीं कुछ दिन पहले सोनाजी नगर परिसर से भी एक मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना घटी है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

नदी में डूबने वाले लोग एक रिश्तेदार का अंतिम संस्कार कर नाव से वर्धा नदी की तरफ घूमने गए थे। महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से राज्य की कई नदियां उफान पर चल रही हैं। फिलहाल नाव डूबने का वास्तविक कारण नहीं पता चल पाया है। हालांकि नाव में क्षमता से ज्यादा लोगों के सवार को भी दुर्घटना की एक वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि नाव नदी की बीच धारा में डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही सबसे पहले स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों को बाहर भी निकाला। असम के जोरहट में 8 सितंबर को एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां ब्रह्मपुत्र नदी में दो नाव आपस में टकरा गई थीं। इसमें से एक नाव डूब गई। नाव में सवार 42 लोगों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली थी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया था कि दोनों नाव अलग-अलग दिशा से आ रही थीं। एक नाव जोरहट के निमतीघाट से माजुली आर रही थी, जबकि दूसरी माजुली से जोरहट जा रही थी। नाव माजुली घाट से सिर्फ 100 मीटर दूर थी। नावों में करीब 25 से 30 बाइक भी रखी हुई थीं।

### महाराष्ट्र में अब ओबीसी आरक्षण के बिना होंगे उपचुनाव

वह अपने विशेषाधिकार के तहत राज्य की परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव करवा सकते हैं। साथ ही इस उपचुनाव में कोरोना महामारी संबंधी बंदिशें लागू नहीं होंगी। फिलहाल महाराष्ट्र में कोरोना के मामले काफी कम आ रहे हैं और राज्य सरकार ने खुद कई तरह की रियायत आम जनता को दी है। बीते कुछ महीनों से महाराष्ट्र में राजनैतिक ओबीसी आरक्षण का मुद्दा सुर्खियों में रहा है। लगभग हर पार्टी ने ओबीसी समाज को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए ओबीसी आरक्षण दिए जाने की जमकर वकालत की थी। हालांकि आरक्षण के मुद्दे को महाराष्ट्र में फिलहाल हालात मराठा समाज बनाम ओबीसी समाज का बना हुआ है। मराठा समाज को महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी का पारंपरिक वोटबैंक माना जाता है। जबकि ओबीसी समाज का झुकाव बीजेपी और शिवसेना की तरफ रहता है। जिला पंचायत के उपचुनाव में ठाकरे को ओबीसी समाज की नाराजगी भी उठानी पड़ सकती है। सरकार को डर है कि कहीं ओबीसी मतदाता बिदक कर बीजेपी की तरफ ना चले जाएं। ओबीसी समाज की नाराजगी को देखते हुए महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने कहा कि आगामी अधिवेशन सत्र में सरकार इस बाबत अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पार्टियां ओबीसी उम्मीदवारों को ओपन से चुनाव लड़वा सकती हैं। वहीं विपक्ष में बैठी बीजेपी ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। प्रवीण दरेकर ने कहा कि अगर ठाकरे सरकार ने वक्त रहते कदम उठाया होता और इम्पीरिकल डेटा को इकट्ठा किया होता तो शायद ओबीसी कोटा फिर से लागू हो गया होता। वहीं कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में लगभग सभी पार्टियों की ओबीसी आरक्षण को लेकर बैठक हुई थी। इस मीटिंग में उद्धव ठाकरे ने कहा था कि वे इम्पीरिकल डेटा को लेकर मांग करेंगे और यदि डेटा नहीं मिल पाता है तो स्थानीय निकाय चुनाव को स्थगित करने की भी मांग की जाएगी। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ने सरकार की मुश्किलों को काफी बढ़ा दिया है।

### पाकिस्तान के आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद कुशवाह ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद एक मल्टी स्टेट ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से ये आतंकी पकड़े गए। पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेने वाले आतंकियों के नाम ओसामा और जीशान कमर हैं। बाकी चारों आतंकियों के नाम मोहम्मद अबु बकर, जान मोहम्मद शेख, मोहम्मद अमीर जावेद और मूलचंद लाला है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर नीरज ठाकुर ने बताया, हमारे पास 10 टेक्निकल इनपुट थे। सबसे पहले महाराष्ट्र के सलेम को पकड़ा गया। दो आदमी दिल्ली में अरेस्ट हुए। इसके बाद उत्तर प्रदेश से 3 लोग अरेस्ट किए गए। इनमें से 2 आतंकी अप्रैल में मस्कट गए थे। उन्हें मस्कट से बाई शिप पाकिस्तान ले जाया गया। वहां फार्म हाउस में रखकर विस्फोटक बनाने और एके-47 चलाने की 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 5

# फिर शुरू होगी जेट एयरवेज, दिल्ली-मुंबई रूट पर होगी पहली उड़ान

संवाददाता / नई दिल्ली

कर्ज में डूबी जेट एयरवेज एक बार फिर से उड़ान भरने को तैयार है। कंपनी साल 2022 की पहली तिमाही से एक बार फिर से घरेलू उड़ान भरने की घोषणा की है। कर्ज में डूबी जेट एयरवेज एक बार फिर से उड़ान भरने को तैयार है। कंपनी के मुताबिक जेट एयरवेज की फ्लाइट साल 2022 की पहली तिमाही में फिर से घरेलू उड़ान भरेंगी। इसके अलावा अगले वर्ष की अंतिम तिमाही तक छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन भी शुरू होगा।

## अगले साल से शुरू होगा घरेलू परिचालन

### दिल्ली-मुंबई रूट पर होगी पहली उड़ान

जालान कारलॉक ने कहा कि जेट एयरवेज की पहली उड़ान दिल्ली-मुंबई रूट पर होगी। बता दें कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने दो साल बाद इस साल जून में जेट एयरवेज के लिए जालान कलरॉक कंसोर्टियम की योजना को मंजूरी दी थी।



### 150 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारी

बता दें कि यूएई के कारोबारी मुरारी लाल जालान लंदन की जालान कॉर्लाक कंसोर्टियम के वरिष्ठ सदस्य हैं और प्रस्तावित जेट एयरवेज के गैर कार्यकारी सदस्य हैं। जालान का कहना है कि हमारी योजना तीन साल में 50 से अधिक विमानों के परिचालन की है, जो 5 साल में 100 के भी ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं कैप्टन गौड़ ने कहा कि जेट एयरवेज ने पहले ही 150 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारियों को काम पर रखा है और 1000 से अधिक कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2021-22 में सभी श्रेणियों में शामिल करना किया जाएगा।

यह जानकारी जेट एयरवेज के नए मैनेजमेंट जालान कारलॉक कंसोर्शियम ने दी है। जालान कारलॉक ने एक और नई जानकारी देते हुए कहा कि एयरलाइन का मुख्यालय अब मुंबई के बजाय दिल्ली में होगा। जालान कलरॉक कंसोर्टियम के प्रमुख सदस्य मुरारी लाल जालान ने कहा कि जेट एयरवेज 2.0 का उद्देश्य साल 2022 की पहली तिमाही तक घरेलू परिचालन को फिर से शुरू करना है और अगले वर्ष की अंतिम तिमाही तक छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन भी शुरू होगा।

# शिक्षकों का सम्मान एवं वाचनालय का उद्घाटन



**मुंबई।** सरयू सकलदीप सेवा ट्रस्ट द्वारा कुरार विलेज मालाड पूर्व में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों के लिए वाचनालय का उद्घाटन शिवसेना के क्षेत्रीय नगरसेवक आत्माराम चाचे के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दिंडोसी जिला आर एस एस प्रमुख मनोज सिंह, सम्माननीय अतिथि गांधी विचार मंच के महासचिव मिथिलेश मिश्रा, समेत अनेक गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि राम सिंह ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने आये हुए अतिथियों का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## 4 साल से हैं गायब

# चीन की सबसे अमीर बिजनेसवुमन ने पति को किए कॉल, फिर गायब



संवाददाता / बीजिंग

चीन की सबसे अमीर महिला व्यापारी वीहॉन्ग 'विटनी' दुआन अपने आप में एक रहस्य बन गई हैं। गरीबी से उठकर अपने बिजनस को फैलाने वाली वीहॉन्ग करीब चार साल पहले 5 सितंबर, 2017 को गायब हो गई थीं। वह कहां थी इस बारे में कभी किसी को पता नहीं चला लेकिन माना जाता रहा कि चीन की सरकार ने उन्हें गायब करा दिया है। इसके पीछे कारण था वीहॉन्गा का पूर्व प्रीमियर वेन जियाबाओ की पत्नी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए कभी चुनौती रहे सुन झेंगचाई के साथ कनेक्शन।

### पति लिख रहे थे किताब

रिपोट्र्स के मुताबिक इतने साल तक गायब रहीं वीहॉन्ग पूर्व पति डेशमंड शूम की नई किताब रेड राउसेट्टे के रिलीज से पहले 'सामने आईं' लेकिन फिर गायब हो गईं। शूम जब पूरे सिस्टम पर किताब रिलीज कर रहे हैं तो उन्हें वीहॉन्ग ने दो बार कॉल किया। शूम का अंदाजा है कि उन्होंने कम्यूनिस्ट पार्टी के अधिकारियों के कहने पर कॉल किए जिनपर चीनी सिक्यॉरिटी सर्विसेज की नजर भी थीं। वीहॉन्ग ने शूम से कहा कि उन्हें कुछ देर के लिए रिहा किया गया है और किसी भी वक्त हिरासत में लिया जा सकता है।

## किम जोंग उन की बहन ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया को चेतावनी दी

# उत्तर कोरिया ने दागी 1500 किमी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल, टेस्ट के बाद अमेरिका के साथ बढ़ा तनाव

संवाददाता / प्योंगयांग

उत्तर कोरिया के सनकी तानाशाह किम जोंग उन ने लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस परीक्षण की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि इस क्रूज मिसाइल ने करीब 1500 किमी दूर अपने लक्ष्य पर सटीक वार किया। उत्तर कोरिया ने इस मिसाइल को रणनीतिक हथियार करार देते हुए बेहद अहम करार दिया है। उधर, मिसाइल टेस्ट के बाद उत्तर कोरिया और अमेरकिा के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। उत्तर कोरिया ने कहा कि इस मिसाइल परीक्षण के दौरान सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के नेता मौजूद थे।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस परीक्षण की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि इस क्रूज मिसाइल ने करीब 1500 किमी दूर अपने लक्ष्य पर सटीक वार किया। इस खबर से अमेरिका विचलित हो गया है।

## संयुक्त युद्धाभ्यास से भड़का उत्तर कोरिया





उत्तर कोरिया ने यह मिसाइल परीक्षण ऐसे समय पर किया है जब 16 से 26 अगस्त तक दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने युद्धाभ्यास किया है। इस युद्धाभ्यास के दौरान उत्तर कोरिया भड़क गया था और उसने वॉशिंगटन तथा सोल पर क्षेत्र की सुरक्षा को ताक पर रखने का आरोप लगाया था। तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को चेतावनी भी दी

**7,580 सेकंड में लक्ष्य भेदा**

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी कि इस मिसाइल का परीक्षण 11 और 12 सितंबर को किया गया। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल ने 7,580 सेकंड उड़ान भरकर 1500 किमी दूर अपने लक्ष्य का सटीक भेदन किया।

## किम जोंग ने घटाया 20 किलो वजन



*उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के फैट टू फिट होने की तस्वीरों ने सबको चौंका दिया। हाल में किम जोंग ने मिलिट्री परेड में हिस्सा लिया, जहां वह बहुत ही फिट दिख रहे हैं। खबरों की मानें तो उन्होंने करीब 20 किलो वजन कम किया है। इसके लिए उन्होंने कुछ सख्त नियम और रेगूलर रूटीन का पालन किया। क्योंकि वजन घटाने के लिए खुद पर नियंत्रण और अनुशासन दोनों बहुत जरूरी था।*



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## राजस्थान हलचल

# बाड़मेर के निकत गांव कपूरडी कब्रिस्तान भुमि को लेकर मुस्लिम तेली समुदाय का कपूरड़ी लिग्नाइट परियोजना के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध




**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बाड़मेर।** सन 2011-12 में साउथ वेस्टर्न माइनिंग लिमिटेड,जालीपा लिग्नाइट परियोजना के तहत कपूरड़ी गाँव मुस्लिम नागौरी तेली समाज दुव्रा 3000 बीघा कब्रिस्तान की जमीन को RSMM व राज्य सरकार की साझेदारी में मुस्लिम तेली समाज ने अवाप्त थी। राजस्थान सरकारी दस्तावेज के अनुसार खसरा न 205 है रकबा 9 बीघा 13 विस्वा में दर्ज है। कब्रिस्तान की जमीन व्यक्तिगत रूप से समाज के लोगो अपनी निजी भूमि को छोड़ा गया था।कब्रिस्तान की भूमि समाज के लोगो की भूमि के बिल्कुल मध्य स्थित है।इस भूमि में नागौरी तेली समाज के पूर्वज दफनाए हुए हैं। इस भूमि के इर्दगिर्द कांटेदार लोहे की तारबंदी भी मौजूद हैं। तेली समाज के लोगो को निजी भूमि का मुआवजा तो मिल गया था परंतु कब्रिस्तान की भूमि का कम्पनी की तरफ से कोई मुआवजा नही मिला ना ही कब्रिस्तान की भूमि मिली है। अवाप्ति की शर्तों के अनुसार कांग्रेस सरकार (सत्तापक्ष) अधिकारियो और RSMM ने कब्रिस्तान की भूमि के बदले बाड़मेर शहर में निकट कब्रिस्तान भूमि देने का आश्वासन दिया गया था। समाज के अन्य लोगो की सहमति से कपूरड़ी नागौरी तेली समाज के लोग गाँव कपूरड़ी को छोड़कर बाड़मेर शहर में अपना जीवन यापन शुरू कर दिया था। मुस्लिम समाज की मूलभूत सुविधाओं में शामिल कब्रिस्तान की भूमि का कोई निर्णायक फैसला अभी तक नहीं निकला है। नागौरी तेली समाज कपूरड़ी आज भी अन्य मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान पर निर्भर है। इस पूरे प्रकरण,मामले में बाड़मेर प्रशासन सरकार के जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत करवाया गया हैं।लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों दुव्रा नागौरी तेली समाज बाड़मेर को सिर्फ भ्रंमित (गुमराह) किया गया हैं। समूचे भारत मे नागौरी तेली समाज एक शांतिप्रिय समाज है। अक्सर समाज के लोग मजदूर तबके अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में जीवन यापन कर रहे है। नागौरी तेली समाज बाड़मेर व तेलियान अंजुमन संस्था के अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री (राज) श्री अशरफ अली खिलजी, सदर,हाजी अब्दुल गनी खिलजी,अब्दुल रहमान खिलजी,हाजी गुलाम नबी,हाजी अब्दुल सत्तार गौरी, हाजी अय्यबु खान, हाजी अब्दुल कलाम, अलीशेर खान,हाजी शफी राठोड़, हाजी शोकत अली, पीरू खान, सद्दाम हुसैन गौरी, आबिद खान खिलजी, हबीबुल्लाह खान, सैफ खान आदि समाज के गणमान्य(मौजीज)लोगो दुव्रा जिला प्रशासन कलेक्टर महोदय श्री लोक बदु जी,और मौजूदा सरकार को कब्रिस्तान भुमि हेतु ज्ञापन दिया गया।कपूरड़ी कब्रिस्तान भूमि प्रकरण को लेकर व जालीपा लिग्नाइट परियोजना के समक्ष कल दिनांक 14-09-2021 को महावीर पार्क बाड़मेर कचहरी के सामने सुबह 10 बजे एक मीटिंग रखी गई थी। जिसका मुलप्रारुप है तेली समाज को RSMM दुव्रा कब्रिस्तान की भूमि उपलब्ध करवाई जाए।

# इंडियन रिपोर्टर असोसिएशन महाराष्ट्र एवम महिला उन्नती संग नई दिल्ली की ओर से पीड़ित रेप केस महिला को कॅण्डल गेला का श्रद्धांजली




**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**मुंबई।** इंडियन रिपोर्टर असोसिएशन महाराष्ट्र राज्य जनरल सेक्रेटरी एवम महिला उन्नती संघ नई दिल्ली की महाराष्ट्र राज्य प्रवक्ता श्रीदेवी पाटील इंडियन रिपोर्टर असोसिएशन पश्चिम महाराष्ट्र अध्यक्ष नाजनीन शेख महाराष्ट्र अध्यक्ष संजय कुमार कोटेचा, सांगली जिल्हा अध्यक्ष आरती कदम, मिरज तालुका अध्यक्ष उज्वला मोरे, महिला उन्नती संघ सांगली जिल्हा अध्यक्ष संगीता गरड, लता सकटे, नीलम कांबळे, अना लोंढे, फातिमा मोमीन, प्रीति कांबळे, जास्मिन शेख, दिपाली सकटे, इन महिला कार्यकर्ता ओने पीडित निर्भया रेप केस जैसी हिंसा की शिकार 34 वर्षीय महिला ने अस्पताल मे दम तोड दिया उसके निजी अंगो पर गंभीर छोटे आई थी हादसे से उसका बहुत खून बहु गया था उसके प्रायव्हेट पार्ट मे राड दाल दिया था, फिर चाकू से वार किया था। इस अत्याचारी महिला को इंडियन रिपोर्टर असोसिएशन महाराष्ट्र शाखा एवम महिला उन्नती संघ महाराष्ट्र शाखा की ओर से केंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर इंडियन रिपोर्टर असोसिएशन एवम महिला उन्नती संघ की ओर से महिलाओ को न्याय मिलने के हित मे सरकार की ओर से ठोस कदम उठाने की मांग की गई। देश मे अगर रेप केस हो तो कॅण्डल चलाने के बदले नको ऊस रेपिस्ट को जिंदा जलाया जाने की मांग समाज की और से की जा रही है।

## समस्तीपुर हलचल

# विकासशील इंसान पार्टी की नेत्री पुष्पा सहनी ने बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए आपदा प्रभारी मंत्री को दिया आवेदन

**समस्तीपुर (जकी अहमद)।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र में आधा दर्जनों से अधिक पंचायत बाढ़ की विभीषिका को झेल रही है। बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए विकासशील इंसान पार्टी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ समस्तीपुर के पुष्पा सहनी के द्वारा आज दिनांक 14/9/21को जिले के सर्किट हाउस में बिहार के ग्रामीण



विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिला आपदा प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार को मोरवा प्रखंड में आई बाढ़ से तबाही की जानकारी दी एवं पंचायत में सभी जगह खाना बनाने की व्यवस्था की जाय साथ ही पशुओं की चारा किसान तक पहुँचाई जाए इसकी जानकारी दी एवं प्रखंड को बाढ़ ग्रस्त घोषित करने को लेकर लिखित रूप से आवेदन पत्र सौपी । इस मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू,युवा जिला अध्यक्ष शिवानंद बमबम, जिला प्रवक्ता भारतेन्दु पठान,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एतेशम खान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजय सहनी, जगरनाथ सहनी, भुनेश सहनी, संतोष सहनी, चंदेश्वर सहनी, बनारशी ठाकुर,व एन डी ए गठबंधन के कई नेताओं मौजूद थे।

# समस्तीपुर में मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत शिविर का लिया जायजा



**समस्तीपुर (जकी अहमद)।** बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री समस्तीपुर के द्वारा सरायरंजन प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा महिषी बांध वार्ड नंबर 09, रायपुर बुजुर्ग पंचायत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बाढ़ राहत शरण स्थलों का भ्रमण किया गया। बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों से मिलकर मंत्री ने वास्तु-स्थिति का जायजा लिया। शरण स्थल पर मेडिकल कैंप एवं कॉविड कैंप का उन्होंने सराहना की। विद्यापति नगर प्रखंड के शेरपुर ढेपुरा स्थित हाई स्कूल में आवासित बाढ़ आपदा से प्रभावितों से बातचीत के क्रम में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शरण स्थल के लोगों द्वारा बताया गया कि प्रशासन द्वारा संचालित कम्युनिटी कीचेन के द्वारा ससमय भोजन उपलब्ध कराया जाता है, और शरण स्थल में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों के लिए शरण स्थल के साथ कम्युनिटी किचन, पेय जल, शौचालय की व्यवस्थाओं को देखा गया जिसकी माननीय मंत्री जी ने काफी सराहना की।भ्रमण कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय, साथ में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर, अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायरंजन, अंचल अधिकारी विद्यापति नगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी विद्यापति नगर, एवं जदयू के प्रखंड व क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।मंत्री की अध्यक्षता में 3.30 बजे अपराहन से आपदा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की जाएगी।

## बुलडाणा हलचल

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**खामगांव।** खामगांव के एकता नगर ईलाके के सभी निवासी इमरान हैदर अली, जुगल शर्मा (जांगिड़), अनवर खान, हफीज खान और धीरज सिंह रामसिंह ठाकूर ये चारों युवक 13 सितंबर की शाम करीब 4 बजे देउलगांव साकारशा में उताळी प्रोजेक्ट देखने आए थे। इस समय जब युवक बांध के सीवर में उतर रहा था, उनमें से एक धीरज सिंह रामसिंह ठाकूर (22) अपना संतुलन खो बैठा और पूल के नाले में गिर गया। जिस से उसके सिर में चोट लगी और वह डूब गया। सूचना मिलते ही ग्राम सरपंच संदीप अलहट, पुलिस पाटिल गजानन



पचपुर, सागर पाघन, शैलेश राठौड़, रमेश काले व अन्य मौके पर पहुंचे। देर रात डूबे युवक को बचाने का प्रयास किया गया। मौके पर डूबे युवक के पिता धीरज सिंह रामसिंह ठाकुर और अन्य परिजन मौजूद थे। हालांकि, अंधेरा होने के कारण ठाकुर का शव बरामद नहीं हो सका। इस बीच आज सुबह धीरज सिंह ठाकुर के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा किया। डूबे युवक के पिता ने देर रात जनफल थाने में शिकायत दर्ज कराई। जनफल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। धीरज सिंह एक नेकदिल इंसान थे। वह एक चित्रकार के रूप में काम कर रहा था। उनके असमय निधन से एकता नगर के ईलाके में शोक की लहर है।

# ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश बुलडाणा शहर अध्यक्ष पद पर शब्बीर कुरेशी नियुक्त



**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** शहर के निवासी व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत सामाजिक कार्यकर्ता शब्बीर कुरैशी को 'ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश' ने बुलडाणा शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। हाल ही में शहर जालना में ऑल इंडिया जमीअतुल कुरेश का राज्य स्तर पर कुरेश स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया जमीअतुल कुरेश के महाराष्ट्र भर से सभी उच्च अधिकारियों पदाधिकारी की मौजूदगी में महाराष्ट्र के हर जिले तालुका शहर में कई पदों पर नियुक्त की गई है। जिसमें शेख शब्बीर अल्हाज शेख नजीर कुरैशी को ऑल इंडिया जमीअतुल कुरेश बुलढाणा शहर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप कर नियुक्त पत्र दिया गया है। जिसके बाद शब्बीर कुरेशी चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई खुशी की लहर दौड़ गई है। जिलेभर से उन्हें मुबारकबाद दी जा रही है।

# कोरोना से निजात पाने के लिए सभी को टीकाकरण की जरूरत: डॉ. राजेंद्र शिंगणे


**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** जिला कोरोना मुक्त करने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों ने टीकाकरण का लाभ लेकर तीसरी लहर आने से पहले जिले को कोरोना मुक्त कराने में सहयोग की अपील औषध व अन्न प्रशासन मंत्री तथा पालकमंत्री डॉ. राजेंद्र शिंगणे ने किया है। हाल ही में तालुका के सखरखेड़ा में पदाधिकारियों और पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए, डॉ. राजेंद्र शिंगणे बोल रहे थे। जिले में कुल 21 लाख 99 हजार 862 नागरिक 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं। अगले कुछ महीनों में सभी को एक झपकी लेने की जरूरत है। जिले में कुल 17 हजार 794 इनमें से 16 हजार



879 स्वास्थ्य कर्मी टीकाकरण के लिए हैं यानी 94.86 फीसदी कर्मचारियों का टीकाकरण हो चुका है, उनका प्रतिशत 94.86 है। अग्रिम पंक्ति के 5 हजार 979 कर्मचारियों में से 35 हजार 597 कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा चुका है और इसका प्रतिशत 98.94 है। 04% लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु के 8 लाख 89 हजार 265 नागरिकों में से 3 लाख 8 हजार 633 नागरिकों का टीकाकरण किया जा चुका है और इसका प्रतिशत 43.70 है.कुल मिलाकर 21 लाख 99 हजार 865 नागरिकों में से अब तक 7 लाख 30 हजार 671 नागरिकों का टीकाकरण किया जा चुका है और 33.21 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। जिले में कोवशील्ड वैक्सीन की 57,000 खुराक और कोव्हॅक्सिन की 23,150 खुराक उपलब्ध हैं,ऐसी जानकारी पालकमंत्री डॉ. राजेंद्र शिंगणे ने दि है।

# बीमारियों का है काल Surya Namaskar



स्वस्थ तन और मन के लिए योग सबसे बेहतरीन माध्यम है। वैसे तो ऐसे बहुत से योग हैं, जिससे आप बीमारियों से बचे रह सकते हैं लेकिन आज हम आपको आसनों का राजा कहे जाने वाले 'सूर्य नमस्कार' के बारे में बताने जा रहे हैं।

सूर्य नमस्कार का अर्थ है सूरज को अर्पन या नमस्कार करना। एक्सपर्ट का कहना है कि सुबह की शुरूआत इस आसन से करने पर तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं क्योंकि इस योग करते समय सूरज की किरणें सीधी शरीर पर पड़ती है। खास बात तो यह है कि इस आसन का प्रभाव शरीर के सभी अंगों पर पड़ता है इसलिए इसे सबसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

### 12 तरीकों से किया जाता है सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार में कुल 12 आसन होते हैं। इसमें 6 विधि के बाद फिर उन्हीं 6 विधि को उल्टे क्रम में दोहराया जाता है। इसमें सबसे पहले प्रणामासन, हस्तउत्तानासन, हस्तपादासन, अश्वसंचालासन, अधोमुखश्वानासन, अष्टांगनमस्कारासन और भुजंगासन किया जाता है। फिर अष्टांगनमस्कारासन से प्रणामासन तक आसनों को दोहराया जाता है। इस आसन को सुबह सूर्य की किरणों के सामने स्वच्छ व खुली हवादार जगह पर करना होता है।

### कितनी देर करें सूर्य नमस्कार?

सूर्य नमस्कार को 5 से 10 मिनट तक करना जरूरी है। अगर यह आसन रोजाना 5-12 बार तक कर लिया जाए तो आपको कोई और आसन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह आसन सुबह सूर्य की किरणों के सामने स्वच्छ व खुली हवादार जगह पर ही करें। चलिए अब हम आपको यह बताते हैं कि रोजाना सूर्य नमस्कार करने से आपको और क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

### मेंटल हेल्थ के लिए है फायदेमंद

इस आसान को करते समय आप एक ही जगह पर फोकस करते हैं और मन भटकता नहीं, जिसके कारण ब्रेन फंक्शन बेहतर होता है। इससे ना सिर्फ दिमाग तेज होता है बल्कि आप तनाव जैसी बीमारियों से भी बचे रहते हैं। इतना ही नहीं, इससे शरीर में एनर्जी भी आती है, जिससे आप दिनभर तरोताजा रहते हैं।

● **शरीर को मिलती है ऊर्जा** - सूर्यनमस्कार से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है और कार्बन-डाईऑक्साइड बाहर निकल जाती है। इससे आप दिनभर तरोताजा रहते हैं।

थायराइड में फायदेमंद

नियमित रूप से यह आसन करने पर एंडोक्राइन ग्लैंड्स खासकर थायरायड ग्लैंड की क्रिया नॉर्मल, जिससे थायराइड के साथ मानसिक समस्याएं भी दूर रहती हैं। साथ ही इससे नर्वस सिस्टम शांत रहता है।

● **अनियमित पीरियड्स** - अगर आपको पीरियड्स समय पर नहीं आ रहे हैं तो नियमित रूप से यह आसन करें। इससे मासिक-धर्म रेगुलर हो जाएंगे।

● **अनिद्रा की शिकायत** - अगर आपको नींद न आए तो यह योगासन करें। आपकी अनिद्रा की समस्या ठीक हो जाएगी।

● **बॉडी डिटॉक्स** - सूर्य नमस्कार के समय आप सांस खींचते और छोड़ते हैं, जिससे हवा आपके फेफड़ों तक और ऑक्सीजन खून तक पहुंचती है। इससे आपके शरीर से कार्बन डाइऑक्साइड और बाकी जहरीली गैस निकल जाती है और बॉडी डिटॉक्स हो जाती है।

● **ग्लोइंग स्किन** - सूर्य नमस्कार करने से शरीर को प्रयाप्त मात्रा में विटामिन डी मिलता हैं, जोकि त्वचा को निखरी और बेदाग बनाता हैं। इसके अलावा इससे सिर के बाल भी स्वस्थ और मजबूत होते हैं।

● **मजबूत बाल** - अगर आप बालों की समस्या से ग्रसित हैं तो यह योगा अभ्यास आपके बालों को असमय सफेद होने, झड़ने व रूसी से बचाता है।

### सावधानियां

➤ सूर्य नमस्कार को करने के बाद कुछ देर शवासन जरूर करें।

➤ उचित समय और धीमी गति से करें और एक स्थिति में सांस सामान्य होने के बाद ही दूसरी स्थिति शुरू करें।

➤ कोमल, अधिक गद्देदार मैट या बिस्तर पर यह आसन न करें क्योंकि इससे आपकी रीढ़ की हड्डी में बल पड़ सकता है।

➤ स्लिप डिस्क और हाई ब्लड प्रैशर के मरीजों को भी यह योग नहीं करना चाहिए।

# सुबह उठकर खाएं 4 मखाने, कभी पास नहीं आएंगी ये प्रॉबल्मस



मखाने को सेवन वैसे तो आप जब चाहें तब कर सकते हैं। कई लोग इन्हें स्नैक्स के रुप में खाना पसंद करते हैं तो कई सब्जी बनाकर। मगर यदि आप इनका सेवन सुबह खाली पेट करते हैं तो आपका शरीर एक नहीं बल्कि कई तरह की बीमारियों से बचा रहता है। जैसे कि..

● **डायबिटीज से बचाव** - रोजाना सुबह 4 से 5 मखानों का सेवन आपको डायबिटीज जैसे रोग से बचाकर रखता है। यदि आप इस बीमारी की चपेट में आ भी चुके हैं तो मखाने के चार दानों का सेवन करके इस बीमारी से हमेशा के लिए निजात पा सकते है। इसके सेवन से शरीर में इंसुलिन बनने लगता है और शुगर की मात्रा कम हो जाती है। फिर धीरे-धीरे शुगर रोग भी खत्म हो जाता है।

● **दिल के लिए फायदेमंद** - मखाना केवल शुगर के मरीज के लिए ही नहीं बल्कि हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों में भी फायदेमंद है। इनके सेवन से दिल स्वस्थ रहता है और इम्यून सिस्टम भी स्ट्रांग बनता है। इनके सेवन से शरीर में किसी तरह की फैट जमा नहीं होती। जिससे आपका हार्ट लंबे समय तक हेल्दी और फिट रहता है।

● **तनाव से रखे दूर** - रोज सुबह खाली पेट मखानों का सेवन करने से व्यक्ति तनाव मुक्त रहता है। इसके सेवन से अनिद्रा की समस्या भी दूर रहती है। रात को सोने से पहले दूध के साथ मखानों का सेवन करें और खुद फर्क महसूस करें।

● **जोड़ों का दर्द** - उम्र के बढ़ने के साथ जोड़ों में ग्रीस खत्म होने लगती है। मखाने शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करते हैं। जिस वजह से व्यक्ति को बढ़ती उम्र के साथ-साथ जोड़ों में दर्द जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। गठिए जैसे रोगों में भी इसका सेवन बहुत लाभदायक है।

● **स्ट्रांग इम्यून सिस्टम** - रोज सुबह उठकर मखाने खाने से शरी को भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट मिलता है। मखाने में एस्ट्रीजन गुण होते हैं। जो आपकी भूख मिटाने के साथ भूख बढ़ाने का काम भी करते हैं। इससे आपकी भूख की शिकायत भी दूर हो जाएगी और पेट की सेहत भी दुरुस्त रहेगी।

# चेहरा चाहिए एकदम ग्लोइंग तो सुबह उठते ही करें यह काम



**नॉर्मल स्किन** - अगर आपकी स्किन नॉर्मल हैं तो रोज सुबह चेहरा धोने के लिए सल्फेट मुक्त फेसवॉश इस्तेमाल करें। यह स्किन में मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल और गंदगी को निकालने में मदद करता है। चेहरे पर नमी व पीएच संतुलन बनाएं रखने के लिए हल्के टोनर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा त्वचा की सूखी कोशिकाओं को हटाने के लिए ग्लाइकोलिक एसिड सीरम और हल्के मॉइस्चराइजर बेस्ट है।

फेस मास्कः मानसून के दौरान घर पर ही बादाम का फेस मास्क बनाने के लिए कुछ बादाम लें और उन्हें दूध में भिगो दें। इन बादाम को पीसकर एक पेस्ट बनाएं। इसमें शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट तक लगा कर रखने के बाद में ठंडे पानी से धो डालें।

**ड्राई स्किन** - ड्राई स्किन पर अक्सर छोटी-छोटी दरारें नजर आती हैं और त्वचा बिल्कुल खुशक। ऐसे में रूखी त्वचा में नमी बनाए रखने के लिए रोज सुबह स्किन पर ऐसे मॉइस्चराइजर और टोनर इस्तेमाल करें जो त्वचा की नमी को बरकरार रखें। वहीं विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंटस से भरपूर सीरम इस्तेमाल करें क्योंकि यह आपकी त्वचा में कोलेजन को टूटने से बचाता है।

फेस मास्कः मुल्तानी मिट्टी का फेस मास्क लगाएं। इसे बनाने के लिए 1 टीस्पून मुल्तानी मिट्टी में 1 टीस्पून शहद मिलाएं और मुलायम पेस्ट तैयार कर लें। चेहरे पर 15 मिनट यह फेस मास्क लगाकर रखें और बाद में धो लें।

**ऑयली स्किन** - ऑयली स्किन से अतिरिक्त तेल कंट्रोल करने के लिए त्वचा को हल्का हाइड्रेटेड रखें। सुबह क्लींजिंग ऑयल से चेहरे को साफ करें और टोनर इस्तेमाल करें। इससे चेहरे पर तेल जमा नहीं होगा। इसके अलावा स्किन पर ऑयल फ्री मॉइस्चराइजर लगाएं। ध्यान रहें कि मॉइस्चराइजर ऐसा हो जिसमें सोडियम पीसीए और ग्लिसरीन की मात्रा अधिक हो। इसके अलावा बाहर जाते समय जिंक ऑक्साइड सनस्क्रीन इस्तेमाल करें।

फेस मास्कः ऑयली या सामान्य त्वचा के लिए स्ट्रॉबेरी मास्क बहुत फायदेमंद है। 2 स्ट्रॉबेरी लें और इसे काटें। इसमें एक चम्मच ब्रांडी, 2 चम्मच ब्रेड क्रम्स और 2 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद अच्छी तरह से फेस वॉश से चेहरा धो लें।

**सुबह उठते ही पानी पिएं** - इस बात का ध्यान रखें कि आपकी स्किन टाइप चाहे जो भी हो, लेकिन त्वचा को हाइड्रेट रखना जरूरी है। ऐसे में सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू और शहद डालकर पिएं। इससे शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलेगी और स्किन दमकती नजर आएगी। आप चाहे तो ग्रीन टी या नारियल तेल भी पी सकते हैं।

### त्वचा की देखभाल के अन्य टिप्स

● स्किन पर क्रेक्स, मुंहासे या बुढापे के लक्षण दिखने लगे हैं तो सीरम को टोनिंग रूटीन में शामिल करें।

● हमेशा मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाने से पहले कुछ मिनट पहले त्वचा पर सीरम लगाएं।

● बिना सनस्क्रीन लगाएं घर से बाहर ना निकलें, हर 2 घंटे में चेहरे पर इसका इस्तेमाल करें।





## Women Respect Foundation

# नारी सम्मान संघटन

राष्ट्रीय अध्यक्षा

## श्रीमती सुंदरी ठाकुर जी

को

# जन्मदिन

की हार्दिक शुभकामनाएं

**जिम्मेदारी वाली ये नारी**
**भर रही है उड़ान, न कोई**
**शिकायत न कोई थकान**